भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

11.02.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1272 का उत्तर

समस्तीपुर जंक्शन

1272.श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत समस्तीपुर जंक्शन पर ट्रैक (पटरियों) की संख्या कम हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि ट्रैक कम होने के कारण मुजफ्फरपुर, दरभंगा, रोसरा और बरौनी से आने वाली रेलगाड़ियां क्रमशः कर्पूरीग्राम, मुक्तापुर, देसुआ और उजियाएपुर में घंटों तक रूकी रहती हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ खाली पड़ी जमीन को उपयोग में लाकर इस स्टेशन को टर्मिनल के रूप में विकसित करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) जी नहीं। बहरहाल, भारतीय रेल नेटवर्क पर यातायात निरंतर बढ़ता जा रहा है और तदनुसार भावी वृद्धि के आधार पर रेल अवसंरचना की योजना बनाई गई है।

(ख) जी नहीं। मंडल के लिए रेलगाड़ियों की समय-सारणी इस प्रकार बनाई गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी स्थान पर रेलगाड़ियों की अनावश्यक रुकौनी न हो। बहरहाल, चूंकि भारतीय रेल पर यातायात गतिशील है और खराबी, असामान्य घटना, कोहरा, यातायात बदलाव और रास्ता बदलकर चल रही रेलगाड़ी जैसे विभिन्न कारकों के कारण निरंतर घटता-बढ़ता रहता है जिससे अस्थायी संकुलन पैदा होता है।

(ग) जी नहीं। समस्तीपुर जंक्शन पहले ही एक बड़ा टर्मिनल है।

*****